भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1792
सोमवार, 9 मार्च, 2026 (18 फाल्गुन, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड में उड़ान योजना

1792. श्री महेंद्र भट्टः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तराखंड में उड़ान योजना के अंतर्गत अब तक किन किन हवाई अड्डों/हेलीपोर्टों को जोड़ा गया है तथा वर्तमान में संचालित हो रही नई उड़ानों की संख्या कितनी है;

(ख) उत्तराखंड में पर्यटन को देखते हुए हवाई सेवाओं को और अधिक सुलभ और किफायती बनाने की कोई कार्य-योजना सरकार के विचाराधीन हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी स्वरूप क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): **उड़ान** योजना के तहत, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाईअड्डों के साथ-साथ सहस्त्रधारा, चिन्यालीसौड़, गौचर, नई टिहरी, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, श्रीनगर, मुनस्यारी और बागेश्वर चंपावत के हेलीपोर्ट से आरसीएस उड़ान परिचालन शुरू हो गए हैं।

क्षेत्रीय विमान संपर्कता को और मजबूत करने और विस्तार करने के लिए, सरकार ने अगले 10 सालों में 4 करोड़ यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्तराखंड राज्य सहित देश भर में 120 नए गंतव्यों पर क्षेत्रीय संपर्कता बढ़ाने के लिए उन्नत उड़ान योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह योजना पहाड़ी, आकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाईअड्डों को भी सहयोग करेगी।

****